आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 04.12.2024
समय 1305

**पहले मुख्य समाचार :–**

- राज्य के विद्यालयों में आज से भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।
- प्रदेश सरकार राज्य के विकास में राजस्व प्राप्ति के माध्यम से भागीदारी करने वाले 160 उत्कृष्ट व्यापारियों को सम्मानित करेगी।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो आज श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से पीएसएलवी– सी–59 मिशन का प्रक्षेपण करेगा।
- **और...** आपदा से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए नैनीताल जिले की गौला नदी के दोनों ओर नौ किलोमीटर लंबा रिवरफ्रंट बनाएगा।

**भारतीय भाषा उत्सव**

भारतीय भाषाओं की विविधता, सांस्कृतिक समृद्धि और साहित्यिक विरासत के सम्मान में प्रदेश के विद्यालयों में आज से भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन महाकवि सुब्रमण्य भारती की जयंती के उपलक्ष्य में आज से शुरू होकर ग्यारह दिसंबर तक चलेगा।

**भारतीय भाषा उत्सव की इस वर्ष की थीम है– भाषाओं के माध्यम से एकता। अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण, उत्तराखंड की निदेशक बन्दना व्याल ने पत्र जारी कर बताया है कि यह उत्सव न केवल भाषाई विविधता को सम्मानित करेगा बल्कि नई पीढ़ी को अपनी मातृभाषा के महत्व से जोड़ते हुए राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रबल करेगा। शैक्षिक गतिविधियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और बहुभाषी प्रतियोगिताओं के माध्यम से इस उत्सव में देश के सांस्कृतिक ताने–बाने को प्रदर्शित करते हुए बच्चों और समुदाय को भाषाई एकता के महत्व से जोड़ा जाएगा। यह आयोजन भाषाई विविधता को संरक्षित करने और महाकवि सुब्रमण्य भारती की समृद्ध साहित्यिक धरोहर को श्रद्धांजलि देने का प्रयास है।**

दिशा–निर्देश

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा विभाग ने बच्चों की पर्यटक स्थलों और पार्कों की स्कूली यात्राओं के दौरान सुरक्षा को लेकर दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इसके अनुसार बच्चों की शैक्षणिक यात्रा के दौरान उनकी चिकित्सा जानकारी, एलर्जी और अन्य स्वास्थ्य संबंधी विवरण स्कूल के पास होना आवश्यक होगा। एक रिपोर्ट–

**विद्यालयी शिक्षा महानिदेशक झरना कमठान ने बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत प्राथमिक चिकित्सा किट और सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पिकनिक में बच्चों के साथ जाने वाले प्रतिनिधि और शिक्षक, प्राथमिक चिकित्सा और सीपीआर जैसे आपातकालीन चिकित्सा प्रबंधन में प्रशिक्षित होने चाहिए। यात्रा के लिए अभिभावकों से लिखित सहमति लेना और उन्हें यात्रा के दौरान उठाए जाने वाले सभी सुरक्षा उपायों की जानकारी देना भी अनिवार्य होगा। साथ ही भौक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्राओं के साथ महिला शिक्षिका की तैनाती करने के निर्देश भी दिए गए हैं।**

## वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट

भारतीय वन्यजीव संस्थान ने हेमकुंड साहिब, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में श्रद्धालुओं की धारण क्षमता के आकलन का अध्ययन शुरू कर दिया है। अध्ययन में संस्थान, इन स्थानों पर श्रद्धालुओं के रुकने की क्षमता, चिकित्सा सुविधा, कूड़ा निस्तारण, खच्चर–घोड़ों की संख्या और उनका प्रबंधन समेत कई बिंदुओं पर रिपोर्ट देगा। संस्थान को यह जिम्मेदारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दी है।

## सम्मान

राज्य सरकार, प्रदेश के विकास में राजस्व प्राप्ति के माध्यम से भागीदारी करने वाले 160 उत्कृष्ट व्यापारियों को सम्मानित करेगी। प्रदेश के ऐसे पंजीकृत व्यापारी जो रिटर्न फाइल, टैक्स जमा करने और अन्य अधिनियम की प्रक्रियाओं का नियमित रूप से अनुपालन कर रहे हैं, उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए 'पंजीकृत व्यापारी सम्मान योजना' प्रस्तावित है। यह योजना उत्तराखंड राज्य कर विभाग के पंजीकृत ऐसे व्यापारियों पर लागू होगी, जिनका वार्षिक टनओवर 20 करोड़ तक होगा। इस योजना के लिए व्यापारियों का जिलेवार चयन किया जाएगा।

## आरोग्य एक्सपो–2024

देहरादून में आगामी 12 से 15 दिसंबर के बीच 10वें विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो–2024 का आयोजन किया जाएगा। इसमें 40 से अधिक देशों के विशेषज्ञों सहित छह हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। आयोजन में आयुर्वेद, योग, यूनानी और होम्योपैथी जैसी परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को लोकप्रिय बनाने पर विचार–विमर्श किया जाएगा। आयुष मंत्रालय के सहयोग से देहरादून के परेड मैदान में होने जा रहे आरोग्य एक्सपो में आम लोगों के लिए मुफ्त आयुष क्लीनिक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मधुमेह, महिला और बाल स्वास्थ्य, वृद्धावस्था, न्यूरोलॉजी, आंकोलॉजी और प्रिवेंटिव कॉर्डियोलॉजी पर निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा।

## निर्देश

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने शहरी क्षेत्रों में निराश्रित गौवंशीय पशुओं को गौसदनों में भेजने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में आयोजित उत्तराखण्ड पशु कल्याण बोर्ड की गौसदनों के निर्माण से सम्बन्धित बैठक में मुख्य सचिव ने बेसहारा गौवंशीय पशुओं की समस्या के दीर्घकालीन समाधान में आधुनिक तकनीकी और आईटी के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने प्रदेश के सभी गौवंशीय पशुओं की अनिवार्य जियोटैगिंग करने के निर्देश दिए। निर्माणधीन और पहले से ही संचालित गौसदनों के संचालन तथा रखरखाव की लगातार निगरानी की सख्त हिदायत देते हुए श्रीमती रतूड़ी ने गौसदनों में चारा, भूसा, प्रकाश, चिकित्सा, सुरक्षा और दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश भी दिए हैं।

## इसरो

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो आज श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से पीएसएलवी–सी–59 मिशन का प्रक्षेपण करेगा। प्रक्षेपण शाम चार बजकर आठ मिनट पर होगा। पीएसएलवी सी–59 से यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा–3 उपग्रहों का प्रक्षेपण होगा। प्रोबा–3 यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का कक्षा निरूपण मिशन है। इसरो की व्यावसायिक शाखा न्यू स्पेस लिमिटेड को यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी से यह ऑर्डर मिला था। प्रोबा–3 अंतरिक्ष की निर्धारित कक्षा में पहुंचने के बाद दो उपग्रहों में बंट जाएगा। ये उपग्रह सूर्य के प्रभामंडल और इसके आस–पास के वातावरण, अंतरिक्ष के मौसम और सौर पवन का अध्ययन करेंगे।

## नौसेना दिवस

नौसेना दिवस आज मनाया जा रहा है है। भारतीय नौसेना की भूमिका और उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रत्येक वर्ष 4 दिसम्बर को यह दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1971 में आज ही के दिन ऑपरेशन ट्राइडेंट के दौरान भारतीय नौसेना ने पीएनएस खैबर सहित पाकिस्तान के चार पोत डुबो दिये थे। इस अभियान में सैकड़ों पाकिस्तानी नौसेना कर्मी मारे गए थे।

## रिवरफ्रंट

बरसात के दौरान आपदा से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सिंचाई विभाग नैनीताल जिले की गौला नदी के दोनों तरफ नौ किलोमीटर लंबा रिवरफ्रंट बनाएगा। जिले के सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संजय शुक्ला ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, रेलवे स्टेशन, रेलवे लाइन और गौला पुल को भविष्य में होने वाले खतरे को रोकने के लिए नदी में रिवरफ्रंट बनाने का निर्णय लिया गया है। इसे लेकर जल्द ही सर्वे का काम शुरू होगा। गौरतलब है कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के सलाहकार भी इस परियोजना का निरीक्षण कर चुके हैं और उन्होंने भी इस योजना को मंजूरी दे दी है। रिवरफ्रंट बनाने का काम नमामि गंगे योजना के तहत किया जाएगा।

## सुरक्षित गंगा जल

हरिद्वार का गंगा जल स्नान के लिए सुरक्षित है। उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि हरिद्वार में गंगा जल की गुणवत्ता मापने के लिए 8 स्टेशन तय किए हैं। उसी माप के अनुसार पानी की गुणवत्ता का विश्लेषण किया जाता है और इसमें गंगा जल की गुणवत्ता उपयुक्त पाई गई है।

**वृद्धावस्था पेंशन**

उत्तराखंड सरकार ने राज्य में साठ वर्ष की आयु पूरी करते ही वृद्ध व्यक्तियों की वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत करने की पहल की है। यह पहली बार है, जब प्रदेश में वृद्धजनों के लिए इस तरह की कार्यवाही की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत किए जाने की व्यवस्था का सलीकरण होने से वृद्धजनों को समय से पेंशन का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन को बारह सौ से बढ़ाकर पन्द्रह सौ किया है।

गौरतलब है कि समाज कल्याण विभाग के पेंशन पोर्टल पर अब 59 वर्ष 6 माह की आयु पूरी होने के बाद भी वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन प्राप्त किए जा सकेंगे। आवेदक का फॉर्म स्वीकृत होने के बाद, जिस वर्ष माह में आवेदक की आयु साठ वर्ष होगी, उसी माह के अंत से उनकी वृद्धावस्था पेंशन शुरू कर दी जाएगी।

## ईको टूरिज्म

चंपावत जिले में नेपाल सीमा से सटे बूम वन रेंज के तहत कॉर्बेट ट्रेल का ईको टूरिज्म के तहत विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा में शामिल इस योजना पर वन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रभागीय वन अधिकारी नवीन चंद्र पंत इसके लिए बूम रेंज के अधिकारियों के साथ जिम कार्बेट से जुड़े स्थल चूका, कलढूंगा, टाक, कार्बेट ट्रेल, खलढूंगा और ठूलीगाड़ क्षेत्र का निरीक्षण कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि ईको टूरिज्म के तहत आसपास के स्थलों का विकास होगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।